अध्याय

14



# महिलाओं का सशक्तिकरण

# महिलाओं का सशक्तिकरण

सीआईएल और एनएलसीआईएल में महिला सशक्तिकरण का ब्यौरा इस प्रकार है:

## कोल इंडिया लिमिटेड

01.12.2017 की स्थिति के अनुसार, सीआईएल में 302785 में से 20385 महिला कर्मचारी हैं। यह कुल श्रमशक्ति का 6.73% हैं। महिला कार्यपालकों की संख्या 969 है तथा शेष गैर–कार्यपालक वर्ग से गैर हैं। कोल इंडिया में पुरुषों के मुकाबले महिला कर्मचारियों की कम संख्या मुख्यतः काम प्रकृति ही है। कोयला खनन का काम मूलतः श्रमसाध्य एवं जोखिमपूर्ण है। साथ ही, भूमिगत खानों में महिला कर्मचारियों के प्रवेश निषेध के बारे में भी विनियम है। अधिसंख्यक महिला कार्यपालक प्रशासनिक विभागों यथा–कार्मिक, वित्त, सीएसआर आदि में हैं।

मातृत्व–हित लाभ अधिनियम, बाल देखभाल अवकाश एवं समान पारिश्रमिक अधिनियम के प्रावधानों का कार्यान्वयन किया जा रहा है जिससे कोयला मंत्रालय के संगठनों की महिला कर्मचारी लाभान्वित हो रही हैं।

सीआईएल ने नर्स प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना की है जिसमें प्रशिक्षणार्थी नर्सों को प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि वे उद्योग में या उसके आस–पास रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकें।

मजदूरी करार के अनुसार, सेवा अवधि के दौरान मृत्यु को प्राप्त कर्मचारियों की महिला आश्रितों को रोजगार अथवा मौद्रिक मुआवजा प्रदान किया जाता है।

राष्ट्रीय महिला आयोग के दिशा–निर्देशों के आधार पर, एक महिला प्रकोष्ठ का गठन किया गया है जो महिला कर्मचारियों की भेद–भाव एवं यौन उत्पीड़न के विरुद्ध शिकायतों की जांच करता है।

महिला मण्डल, महिला समिति तथा ऐसे ही अन्य मंच कोलफील्ड के विभिन्न एककों/संस्थानों में काम कर रहे हैं और वे महिला कर्मचारियों और उन पर आश्रितों के कल्याण कार्यों की देख–रेख कर रहे हैं। समय–समय पर संगोष्ठियों, सम्मेलनों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा सांस्कृतिक क्रियाकलापों का आयोजन किया जा रहा है।

कोलकाता तथा सहायक कंपनियों में सार्वजनिक क्षेत्र में एक महिला मंच (डब्ल्यूआईपीएस) की स्थापना की गई है। प्रत्येक डब्ल्यू आई पी एस प्रकोष्ठ की अध्यक्षता एक समन्वयक करता है जो विधिवत गठित की गई कार्यपालक समिति की सहायता से मंच के क्रियाकलापों की योजना बनाता है तथा उन्हें निष्पादित करता है। कंपनी डब्ल्यू आई पी एस के कार्यकलापों में सक्रिय सहयोग देती है जिनमें कल्याण, प्रशिक्षण एवं विकास कार्य, संगोष्ठियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम, औद्योगिक जागरूकता दौरा, स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम आदि शामिल हैं। हाल के वर्षों में डब्ल्यू आई पी एस प्रकोष्ठ ने जमीनी स्तर पर महिला कर्मचारियों में प्रचार–प्रसार, लाभदायक रोजगार, प्रशिक्षण के बारे में सुझाव तथा महिलाओं के कार्य को मान्यता तथा सम्मान देकर उनके नैतिक बल को बढ़ाने का प्रशंसनीय कार्य किया है।

### वर्ष 2017–18 (आज की तारीख तक) में कोल इंडिया लिमिटेड – डब्ल्यू आई पी एस (मुख्यालय) द्वारा किए गए कार्यकलापः

- दिनांक 3 अगस्त, 2017 को सीआईएल (मुख्यालय) में डब्ल्यूआईपीएस सदस्यों के हित के लिए 'स्वास्थ्य एवं वित्तीय जागरूकता' नामक विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की गई थी। भारतीय स्टेट बैंक के वित्त संबंधी विशेषज्ञों को इसमें आमंत्रित किया गया था जिन्होंने डब्ल्यूआईपीएस के सदस्यों के साथ अपनी जानकारी साझा की। ईसीएल की डॉ. शक्तिकाना मित्रा ने स्वास्थ्य जागरूकता से संबंधित विषय पर बात की और स्वस्थता सुधार के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। कार्यशाला मुख्य रूप से महिलाओं के जीवन स्तर एवं कार्य संबंधी शारीरिक बीमारियों में सुधार तथा वित्तीय लाभप्रदता और निर्णय लेने की क्षमता पर केन्द्रित थी।
- 4 महिला कर्मचारियों को महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल), संबलपुर में दिनांक 28 अक्तूबर, 2017 को आयोजित की गई डब्ल्यूआईपीएस की क्षेत्रीय बैठक में भाग लेने के लिए नामित किया गया था।
- 3 महिला कर्मचारियों को 'मेरी अभिलाषा–वैयक्तिक समर्थता' नामक विषय पर दिनांक 16.11.2017 को डब्ल्यूआईपीएस के पूर्वी क्षेत्र द्वारा आयोजित किए गए सेमिनार में भाग लेने के लिए नामित किया गया था।

- डब्ल्यूआईपीएस के बहुत से सदस्य आगे आए तथा व्यक्तिगत रूप से गोसाबा, सुंदरबंस में रह रही सुविधाविहीन महिलाओं को साड़ियां वितरित करने के लिए निधि में सहयोग दिया। इस प्रयास से कुल 60 साड़ियों का वितरण किया जा सका तथा इससे दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर सुविधाविहीन महिलाओं के चेहरों पर बड़ी–सी मुस्कान आई।
- पर्यावरण तथा सुरक्षा पर जागरूकता लाने के लिए हुई रैली में भाग लेने पर बेहला बोधायन नामक विशेष बच्चों के एक सेंटर को भोजन के पैकेट बांटे गए थे।
- राजरहाट में बोधना मेंटली रिटार्डेड होम नाम विशेष रूप से सक्षम बच्चों के केंद्र को 30 गद्दे दान में दिए गए थे।
- कलकता ब्लाइंड स्कूल को कपड़ा, धागा तथा सुई जैसे कच्चे पदार्थ दान में दिए गए थे ताकि टेलरिंग प्रोजेक्ट में उनकी सहायता की जा सके तथा उन्हें व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके।
- महिला वॉलीबाल टीमों को प्रोत्साहित करने के लिए 'मोगरा वॉलीबाल अकादमी' तथा 'हावड़ा खुरूत धर्माताला बरवारी समिति वॉलीवाल अकादमी' जैसी महिला वॉलीवाल अकादमियों को जर्सी, जूते, वॉलीबाल नेट तथा वॉलीबाल जैसी विभिन्न सामग्रियों का वितरण किया गया था और उनके लिए एक मैत्रीपूर्ण मैच भी आयोजित किया गया था।
- डब्ल्यूआईपीएस, सीआईएल ने दिनांक 16 दिसम्बर, 2017 को दनकुनी कोयला कॉम्पलेक्स का औद्योगिक दौरा किया था। यह एक बहुत बड़ा अधिगम अनुभव था क्योंकि उन्हें कोयला गैस तथा कोक आदि जैसे विभिन्न उपोत्पादों के उत्पादन के विभिन्न स्तरों का विस्तृत विवरण दिया गया था।
- अत्यधिक जाड़े के मौसम में डब्ल्यूआईपीएस, सीआईएल (मुख्यालय) ने मोगरा, जिला हुगली (पश्चिम बंगाल) में जरूरतमंदों को 100 कंबल वितरित किए थे।
- एचआईवी (पीएलएचआईवी) ग्रसित व्यक्तियों को विशेष अनुपूरक पोषक आहार वितरित किया गया था क्योंकि संतुलित आहार बनाए रखने के लिए उनके लिए यह आवश्यक था। 200 पीएलएचआईवी को सोयाबीन नगीट्स, प्रोटीन पाउडर, तेल, दाल, दलिया आदि जैसे प्रोटिन युक्त खाद्य पदार्थों के पैकेट वितरित किए गए थे।

## नेयवेली लिग्नाइट कारपोरेशन लिमिटेड :

एनएलसी इंडिया लिमिटेड में 31 दिसंबर, 2017 की स्थिति के अनुसार महिला कर्मचारियों की संख्या 1045 थी जिसमें 327 कार्यपालक थीं। उनकी क्षमता के विकास के लिए निम्नलिखित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था:–

- ➢ एक डॉक्टर सहित वययरिष्ठ महिला कार्यपालकों की समिति का गठन किया गया था ताकि कार्यस्थल पर महिला कर्मचारियों को यौन उत्पीड़न से बचाया जा सके।
- ➢ सेवारत महिला कर्मचारियों के लाभार्थ 'अनबालय' नामक शिशुसदन की शुरूआत की गई जिसमें प्रशिक्षित कार्मिक सेवारत हैं।
- ➢ डब्ल्यूआईपीएस के एनएलसी इंडिया लि. चैप्टर ने भी महिला कर्मचारियों के लाभ के लिए कई खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यकलाप, सामूहिक परिचर्चाओं का आयोजन किया है।

## महिलाओं के लिए आयोजित किए गए प्रशिक्षण कार्यक्रम

- महिला कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य एवं आरोग्य।
- महिला कर्मचारियों के लिए स्वस्थ जीवन।
- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाना।
- महिला कर्मचारियों के लिए सड़क सुरक्षा।
- महिलाओं के लिए सेफ ड्राइविंग प्रैक्टिस।
- महिलाओं के लिए तनाव प्रबंधन
- महिलाओं के लिए संधारणीय विकास।
- महिला सशक्तिकरण।
- महिला कर्मचारियों के लिए कार्य–जीवन में संतुलन।